विज्ञापन क्रमांक: 02/डब्ल्यूएचओसीसी/एडीआर/2024-एनसीडी-II/202598 दिनांक: 10.09.2025

## रिक्ति अधिसूचना

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के असंचारी रोग प्रभाग, नई दिल्ली के अंतर्गत परिषद द्वारा वित्तपोषित "राष्ट्रीय सहायक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी केंद्र (एनसीएएचटी)" नामक अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत कार्य प्रबंधन के लिए पूर्णतः संविदा के आधार पर **एक परामर्शक प्रशासन** की नियुक्ति करने का प्रयोजन रखता है।

अपेक्षित योग्यता एवं अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:

| **1.** | **पद का नाम** | **परामर्शक (प्रशासन/लेखा)** |
|---|---|---|
| | **रिक्तियों की संख्या** | 1 (एक) (यूआर) |
| | **अनिवार्य योग्यता और अनुभव** | वित्त एवं प्रशासन में 10 वर्ष कार्य करने के अनुभव के साथ सेवानिवृत्ति के समय वेतन बैंड 15600-39100 रुपये + ग्रेड पे 5400 रुपये (पूर्व-संशोधित) और उससे ऊपर आहरित वेतनवाले स्नातक डिग्री प्राप्त सेवानिवृत्त कर्मचारी। |
| | **पद से अपेक्षित कार्य** | • अनुसंधान और कार्यक्रम की गतिविधियों से संबंधित प्रभाग के कार्यों में समन्वय और कार्यान्वयन में सहायता करना।<br>• परियोजना प्रबंधन और कार्यान्वयन के लिए कार्यालय प्रशासन और कार्यालय संबंधी अन्य कार्यों में सहायता करना।<br>• चिकित्सा/जैवचिकित्सा/स्वास्थ्य अनुसंधान और बहु-केंद्रित परियोजनाओं के प्रशासनिक और वित्तीय कार्य करने का अनुभव।<br>• शोध कार्य, परियोजना से संबंधित पूछताछ और अन्य प्रशासनिक कार्यों की सहायता के लिए परियोजना निधि की राशि की स्वीकृति लेना और जारी करने का प्रबंधन करना।<br>• वर्चुअल मीटिंग प्लेटफॉर्म, लेखा, कार्यालय प्रशासन और लेखा/वित्त एवं लेखा और कंप्यूटर कौशल (एमएस वर्ड/एक्सेल/पावरपॉइंट आदि) का ज्ञान एक अतिरिक्त लाभ होगा। |
| | **वेतन** | रु. 60000/-प्रतिमाह निश्चित |
| | **आयु** | 70 वर्ष |
| | **कार्यकाल** | एक वर्ष (आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकता है) |
| | **कार्य का स्थान** | परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली |

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में अपना आवेदन, अपनी योग्यता और अनुभव प्रमाण पत्र के साथ दिनांक 30.09.2025 तक secretariat.ncahticmr@gmail.com पर भेज सकते हैं। देर से/विलंब से प्राप्त होने वाले/अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना कोई कारण बताए, कोई सूचना दिए बिना या पत्राचार किए बिना तुरंत अस्वीकार कर दिए जाएगें। अतः उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन समय पर जमा करें।

**सामान्य शर्ते और निबंधन:-**

1. पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
2. ये पद अस्थाई परियोजनाओं के लिए हैं और परियोजना के साथ ही समाप्त हो जाएंगे।
3. उपर्युक्त विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन (कर्मी) पदों की नियुक्ति धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगी। अतः हम सभी विज्ञापित परियोजना मानव संसाधन (कर्मी) पदों को भरने के लिए प्रतिबद्ध नहीं हैं और प्रक्रिया किसी भी समय वापस ली जा सकती है/रद्द की जा सकती है/संशोधित की जा सकती है।
4. आयु सीमा की अंतिम तारीख आवेदन जमा करने की अंतिम दिनांक के अनुसार होगी।
5. आयु में छूट आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
6. योग्यता और अनुभव प्रासंगिक अनुशासन/क्षेत्र में तथा प्रतिष्ठित संस्थान से होना चाहिए। न्यूनतम आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव प्राप्त किया जाना चाहिए।
7. केवल आवश्यक योग्यता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
8. किसी भी सरकारी विभाग/संगठन के अंतर्गत पहले से ही नियमित समय वेतनमान सेवा में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
9. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा और अभ्यर्थियों को परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
10. आईसीएमआर किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
11. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित कर दी जाएगी।
12. नियुक्त व्यक्तियों की तैनाती सामान्यतः परिषद मुख्यालय में होगी; हालाँकि, उन्हें किसी भी स्थान पर तैनात किया जा सकता है। उन्हें देश के किसी भी भाग में सेवा देनी होगी।
13. परियोजना मानव संसाधन पदों पर कार्यरत व्यक्तियों का आईसीएमआर या इसके किसी संस्थान/केंद्र या भारत सरकार के किसी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा नहीं होगा और किसी एक या एक से अधिक परियोजनाओं में ब्रेक सहित या बिना ब्रेक के उनकी परियोजना अवधि उन्हें किसी अन्य परियोजना में आगे असाइनमेंट या स्थानांतरण या वित्त पोषण एजेंसी या आईसीएमआर में सेवा में नियुक्ति/समावेशन/नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं देगी। परियोजना मानव संसाधन पदों के लिए भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के लिए लागू अन्य सुविधाओं के लाभ स्वीकार्य नहीं हैं।
14. सफल उम्मीदवारों को सामान्यतः आवश्यकताओं के आधार पर, प्रारंभिक रूप से एक वर्ष की अवधि के लिए उपरोक्त पदों पर नियुक्त किया जाएगा। नियुक्ति की निरंतरता/विस्तार कार्य-

निष्पादन के मूल्यांकन, धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगा।

15. आईसीएमआर बिना कोई कारण बताए, सहमत अनुबंध अवधि या विस्तारित अनुबंध अवधि के दौरान भी परियोजना मानव संसाधन (कर्मी) को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
16. परियोजना मानव संसाधन पदों के लिए छुट्टी आईसीएमआर की नीति के अनुसार होगी।
17. अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन-पत्र भरकर, हाल ही की पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटों, विस्तृत बायो-डेटा/सी.वी. और सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ जो स्वयं द्वारा सत्यापित हों; अपनी शैक्षिक योग्यता [10वीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाण पत्र और मार्कशीट], कार्य अनुभव, आयु, जाति और फोटो पहचान पत्र [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि के प्रमाण के रूप में, आवेदन जमा करने की निर्धारित तारीख और समय के भीतर, जमा करना होगा; ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। विलंबित/अपूर्ण/हस्ताक्षर रहित आवेदनों पर बिल्कुल भी विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।
18. आईसीएमआर अपने विवेकानुसार किसी भी समय इस प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
19. सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।।
20. किसी भी रूप में प्रचार करना अयोग्यता माना जाएगा।
21. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अन्य जानकारी; यदि कोई हो; केवल हमारी वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इसलिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित आगे की अपडेट के लिए नियमित रूप से हमारी वेबसाइट: **https://www.icmr.nic.in** देखें।

दिनेश सोनी 11/9/25

(दिनेश सोनी)
वरिष्ठ प्रशासन अधिकारी